**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 5 अगस्त 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- हरियाणा मंत्रिमण्डल ने प्रदेश में आबियाना खत्म करने और फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने को मंजूरी दी ।
- मंत्रिमण्डल ने हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट स्वीकार की और मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में संशोधन को भी मंजूरी दी गई ।
- हरियाणा के किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अबियाना खत्म करने और सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने संबंधी फैसले का स्वागत किया।
- हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ।
- पेरिस में चल रहे 33 वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाने के लिए 4 स्मारक डाक टिकट जारी किए गए।

.................................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में 20 प्रस्ताव मंजूर किए गए। बैठक में आबियाना खत्म करने को भी मंजूरी दी गई है।बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 21 प्रस्ताव रखे गए थे। मंत्रिमंडल

ने रागी, सोयाबीन, कालासीड, जूट, खोपरा, मूंग, नाइजरसीड, सूरजमुखी, जौ, मक्का और ज्वार आदि फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।आबियाना बारे लिए फैसले पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष पहली अप्रैल से किसानों से आबियाना नहीं लिया जाएगा। आबियाना का लगभग 140 करोड़ रुपये का पिछला बकाया भी माफ कर दिया गया है। हरियाणा राज्य में पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को क्रीमीलेयर से बाहर रखने संबंधी मानदंडों के प्रस्ताव को भी कार्योत्तर स्वीकृति दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा गुरुद्वारा चुनाव आयोग के अध्यक्ष पद के चयन संबंधी प्रस्ताव भी मंजूर किया गया। अब अध्यक्ष पद के लिए 65 साल आयु की शर्त हटा दी गई है और सेवानिवृत

जिला सत्र न्यायधीश, दस साल से न्यायधीश या वरिष्ठ वकील भी अब इस पद के लिए योग्य होगा। मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया है। हरियाणा धोलीदार, बूटीमार, भोंडेदार एवं मुकररीदार (स्वामित्व अधिकारों का निहित होना) नियम, 2011 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। संशोधन के बाद, धोलीदार, बूटीमार, भोंडेदार एवं मुकररीदार या उनके हित-उत्तराधिकारी, जिनका 20 वर्ष की समय सीमा पूरी हो गई है, वे अब मालिकाना हक के लिए कभी भी आवेदन कर सकते हैं। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में संशोधन को भी मंजूरी दी है। शहरी आवास योजना के तहत भूखंड लेने वाले आवेदकों को किस्त देने में आसानी होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के विस्तार को भी मंजूरी दी गई है

---

हरियाणा के किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरूक्षेत्र में किसानों का पिछले आबियाने का 133 करोड़ 55 लाख 48 हज़ार रुपए का बकाया माफ करने, अबियाना खत्म

करने और प्रदेश की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने संबंधी लिए फैसले का स्वागत किया है ।

अन्य किसानों ने कहा कि यह सरकार का बहुत बेहतर निर्णय है इससे किसानों को काफी फायदा होगा।

भिवानी जिले के गाँव जादु लोहारी के किसान पुरषोत्तम और अजीतपुर गाँव के किसान हरिकेश ने कहा कि अब लगभग हर फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचा जा सकेगा।वर्तमान में सरकार द्वारा 14 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। और अब 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी।

---

हरियाणा के महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।आज विभागीय अधिकारियों की बैठक लेने के बाद श्री गोयल ने कहा कि अधिकारियों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों से संबंधित मुद्दे जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ियों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए

सरकार की ओर से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। किराए के भवनों में चल रही आंगनवाड़ियों की बकाया अदायगियों का शीघ्रता से भुगतान करने और खाना पकाने के लिए गैस सिलेंडर और मसालों आदि की खरीददारी का सरलीकरण करने की हिदायत भी की गई है।उन्होंने बताया कि विभागीय बैठक में आने-जाने के लिए आंगनवाड़ी नीरीक्षक, कार्यकर्ता और सहायकों के यात्रा और महंगाई भत्ते से संबंधित शिकायतों का जल्द निवारण करने को भी कहा गया है।

---

केंद्रीय संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने पेरिस में चल रहे 33वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाने के लिए आज चार स्मारक डाक टिकटों का एक सेट जारी किया।नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम पदक विजेता सरबजोत सिंह, स्टीपलचेज़ एथलीट सुधा सिंह और पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा भी शामिल हुए। यह टिकट भाला फेंक, फील्ड हॉकी, नौकायन और टेबल टेनिस जैसे खेलों के हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार खेलो इंडिया जैसी पहल के साथ देश भर से प्रतिभाओं का पोषण कर रही है, जो एथलीटों को आवश्यक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस

साल ओलंपिक में भाग लेने वाले 117 खिलाड़ियों में से 29 खिलाड़ी खेलो इंडिया से हैं। श्री मांडविया ने कहा कि यह टिकट खेल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

---

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा ने आज  कहा कि BJP सरकार ने साढ़े 9 सालों में कोई विशेष उपलब्धि हासिल नहीं की है। श्री हूडा पलवल में काँग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है, विकास की गति कम हुई है  और बेरोजगारी बढ़ी  है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए एक भी विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया गया है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि  कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में बुज़ुर्गों को 6 हजार रुपए पेंशन देने,प्रदेश में महंगाई को कम करने, 300 यूनिट तक बिजली माफ करने,गैस सिलेंडर 500 रूपए में प्रदान करने तथा गरीब परिवार के लोगों को 100 - 100 गज के भूखंड  दिए जाने का वादा किया  है । सम्मेलन  की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हर्ष कुमार कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए । सम्मेलन में  पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे

फरीदाबाद पुलिस की अपराध जांच शाखा की एक  टीम ने आज एक नशा तस्कर को 1 किलो 912 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया । पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कल्लू बिहार के भोजपुर जिले के गांव साहापुर का निवासी  है । आरोपी मजदूरी का काम करता है और फिलहाल फरीदाबाद की कृष्णा कॉलोनी  में रह रहा  है। उसे सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर फरीदाबाद के सेक्टर-56 क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह  बिहार से गांजा लेकर फरीदाबाद में देने  आया था और इसके लिए उसे 3000 रुपये मिले  थे। बिहार में भी उसके खिलाफ  शराब तस्करी का मामला दर्ज है।

.......................................................................................

हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में हरियाणा के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उम्मीदवारों के लिए पांच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि चुने गए उम्मीदवारों को फल व सब्जी परीक्षण, बेकरी, दुग्ध एवं इसके मूल्य संवर्धित उत्पाद, कटाई एवं सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार और

जरूरतमंद युवक एवं युवतियां 9 अगस्त तक आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक संस्थान में जमा करवा सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में दिव्यांग, विधवा तथा तलाकशुदा महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।